भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES

सं0 2/1/एनसीएसटी/2019–हिन्दी

छठी मंजिल, 'बी' विंग, लोकनायक भवन
खान मार्केट, न दिल्ली–110003
6TH Floor, 'B' Wing,
Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi–110003

दिनांक : 09–01–2020

**विषयः राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 27.11.2019 को अपराह्न 03:00 बजे को संपन्न हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

आयोग की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक डॉ0 ललित लट्टा, निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 27.11.2019 को अपराह्न 03:00 बजे आयोग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई थी। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त सभी संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है। अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों/संस्तुतियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा इस संबंध में की गई कार्रवाई से हिंदी एकक को दिनांक 13.01.2020 तक अवगत करवाया जाए।

राम जन्म चौधरी
(रामजन्म चौधरी)
सहायक निदेशक (रा0भा0)

सेवा में,

1. समिति के सभी सदस्य।
2. सभी एकक प्रभारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

**प्रतिलिपिः**

1. सचिव का कार्यालय।
2. संयुक्त सचिव का कार्यालय।
3. सहायक निदेशक (रा.भा.) हिन्दी अनुभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय, ग्राउंड फ्लोर, जीवन तारा बिल्डिंग, गेट नं0–2, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली।
4. सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग।
5. उप निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय–1(दि.), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, तृतीय तल, त्रिकूट–II, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066
6. एनआईसी अनुभाग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग।

**राष्ट्रीय अनुसूचित संपन्न जनजाति आयोग, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27.11.2019 को हुई बैठका का कार्यवृत्त।**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक डॉ0 ललित लट्टा, निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 27.11.2019 को अपराह्न 03:00 बजे आयोग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्नक के रूप में उपलब्ध है।

सर्वप्रथम सदस्य सचिव ने बैठक में उपस्थित अध्यक्ष महोदय तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार, सदस्य सचिव द्वारा कार्यसूची की मदों पर मदवार कार्रवाई आरम्भ की गई तथा बैठक में विचार–विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए:–

**मद सं0 1** **आयोग की दिनांक 26.09.2019 को संपन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।**

आयोग की दिनांक 26.09.2019 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक का कार्यवृत्त जिसे दिनांक 03.10.2019 को सभी संबंधितों को परिचालित किया गया था, पर निम्नानुसार चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पुष्टि की गई:–

1.1 अंग्रेजी जानने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटरों से हिन्दी में कार्य लेने के संबंध में चर्चा हुई। सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर जिन्हें हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त नहीं है उन्हें प्रतिदिन 30 मिनट के लिए हिंदी अनुभाग में प्रशिक्षण लेने के लिए प्रतिदिन आना अनिवार्य है। प्रशासन एकक द्वारा यह सूचित किया गया कि इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया जा चुका है।

1.2 आयोग के अधीनस्थ कार्यालयों का वर्ष में राजभाषा संबंधी निरीक्षण के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर तथा शिलांग का राजभाषायी निरीक्षण करने के लिए दौरा कार्यक्रम बनाने हेतु सहायक निदेशक (राजभाषा) को निदेश दिए। **(कार्रवाई–हिन्दी अनुभाग)**

1.3 कार्यालय सहायिका तथा प्रशासनिक शब्दावली पुस्तक के संबंध में बैठक में चर्चा हुई इस संबंध में हिन्दी अनुभाग द्वारा सूचित किया गया कि पुस्तकों को मंगवाने हेतु प्रशासन एकक को पहले एक नोट प्रेषित किया जा चुका है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन एकक को यथाशीघ्र पुस्तक मंगवाने का निदेश दिया। **(कार्रवाई–प्रशासन एकक)**

**मद सं0 2** **आयोग की दिनांक 27.11.2019 को हुई पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।**

2.1 राजभाषा नियम 1963 की धारा 3(3) के अनुपालन के संबंध में स्थिति संतोषजनक है। विभिन्न एककों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टों के अनुसार धारा 3(3) जो सामान्य आदेश, ज्ञापन, नोटिस, संकल्प, प्रतिवेदन, टेंडर आदि के द्विभाषी रूप में जारी करने से संबंधित है, का अनुपालन हो रहा है।

**मद सं0 3 <u>आयोग के मुख्यालय के विभिन्न एककों से प्राप्त दिनांक 30.09.2019 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करना।</u>**

3.1 अध्यक्ष महोदय ने विभिन्न एककों का हिन्दी प्रगति के संबंध में कहा कि आयोग मुख्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है, अतः विभिन्न एककों की हिन्दी पत्रों की प्रतिशतता में सुधार की आवश्यकता है। हिन्दी में पत्राचार को शत–प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों से अधिकाधिक पत्र व्यवहार हिन्दी में करने का ईमानदार प्रयास करने के लिए कहा। **(कार्रवाईः आयोग के सभी एकक)**

**मद सं0 4 <u>आयोग के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त दिनांक 30.09.2019 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करना।</u>**

4.1 बैठक में 30.09.2019 को समाप्त तिमाही की सभी क्षेत्रीय कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की गई। तिमाही रिपोर्टों के संबंध में चर्चा के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर तथा शिलांग से प्राप्त तिमाही की हिन्दी संबंधित प्रगति रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े काफी निराशाजनक है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय अपना अधिक से अधिक कार्य/पत्राचार हिन्दी अथवा द्विभाषी में करने का प्रयास करें तथा उनके द्वारा दिए गए आंकड़ों में सुधार लाने का प्रयास करें। **(कार्रवाईः आयोग के हिन्दी एकक)**

**मद सं0 5 <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य मद</u>**

5.1 बैठक में अध्यक्ष महोदय ने आयोग की त्रैमासिक समाचार पत्रिका के सभी संपादकगण को एक प्रशस्ति–पत्र प्रदान करने का सुझाव दिया, साथ ही अगली त्रैमासिक समाचार पत्रिका के विषय सामग्री एकत्रित करने के लिए वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को कहा गया। **(कार्रवाईः आयोग के हिन्दी एकक)**

**5.2** बैठक में अध्यक्ष महोदय ने यह भी सुझाव दिया कि आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर तथा शिलांग में हिन्दी पत्राचार की प्रतिशतता बढ़ाने तथा हिन्दी में अधिक से अधिक काम करने हेतु यदि आवश्यक हो तो अपने अधिकारी/कर्मचारी को हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए नामित करें। **(कार्रवाईः आयोग के हिन्दी एकक)**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त हुई।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27.11.2019 को अपराह्न 03:00 बजे हुई बैठक की उपस्थिति शीट–

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 ललित लट्टा | निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री आर.के. दुबे | सहायक निदेशक | सदस्य |
| 3. | श्री वाई.के. बंसल | अनुसंधान अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री आर. एस. मिश्र | वरिष्ठ अन्वेषक | उपस्थित |
| 5. | श्री हरि राम मीना | वरिष्ठ अन्वेषक | उपस्थित |
| 6. | श्री पंकज लाल बैरवा | सहायक अनुभाग अधिकारी | उपस्थित |
| 7. | श्री भारतभूषन जैन | परामर्शक | उपस्थित |
| 8. | श्री हिमांशु जोशी | एनआईसी इंजीनियर | उपस्थित |
| 9. | श्री मनोज कुमार साव | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | उपस्थित |
| 10. | श्री अनिल कुमार कोईरी | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | उपस्थित |
| 11. | श्रीमती कृष्णा | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | उपस्थित |
| 12. | श्री राजेश्वर कुमार | सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |